राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0) उ0प्र0
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
7/23, सेक्टर–7, गोमती नगर विस्तार, निकट डायल 100, गोमती नगर, लखनऊ 226027
दूरभाष एवं फैक्सः 0522–2307798 e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

पत्रांक– 233 /241/NULM/तीन/2001(SUH)-V दिनांक– 25/04/2018

सेवा में,
जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला नगरीय विकास अभिकरण,
चन्दौली, बलिया, अलीगढ़, फर्रूखाबाद, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, कासगंज, आजमगढ़, उन्नाव एवं फतेहपुर।

विषयः दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत शहरों मे निर्मित आश्रय गृह के संचालन के सम्बन्ध में।

महोदया/महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि सी0एण्ड डी0एस0 उ0प्र0 जल निगम से शेल्टर निर्माण की प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार आपके शहर में DAY-NULM के घटक SUH के अन्तर्गत स्वीकृत निम्नलिखित शेल्टर होम/होम्स का निर्माण विगत माहों से पूर्ण हैं परन्तु उक्त शेल्टर होम/होम्स का संचालन अभी तक प्रारम्भ नहीं किया गया है :–

क्र.सं.	शहर का नाम	लोकेशन	आश्रय की क्षमता
1	मुगलसराय–चन्दौली	अलीनगर, मुगलसराय	50
2	बलिया	नगर पालिका की कन्ज्यूमर कोर्ट परिसर	50
3	अलीगढ़	भुजपुरा	100
4	फर्रूखाबाद	सीएमओ आफिस फतेहगढ़	100
5	मेरठ	रोहता रोड़	50
		गढ़ रोड़	100
		बराल परतापुर बाईपास मार्ग	70
		मुकुट महल	50
6	गाजियाबाद	चिकम्बरम अर्थला मोहन नगर जोन	100
7	हापुड	दिल्ली–गढ़ रोड़	100
8	कासगंज	वार्डन–11, नावेल्टी टाकिज रोड़, कासगंज	50
9	आजमगढ़	जिला चिकित्सालय	100
10	उन्नाव	ए0बी0 नगर	50
11	फतेहपुर	कालिका मंदिर के पास, फतेहपुर	50

उल्लेखनीय है कि दीनदयाल अन्त्योदय योजना के घटक शहरी बेघरों हेतु आश्रय योजनान्तर्गत निर्मित शेल्टर होम का संचालन वाहय संस्था के माध्यम से कराये जाने हेतु शासन द्वारा मॉडल आर0एफ0पी0 अनुमोदित कर दिया गया है जो ई–टेण्डरिंग की प्रक्रिया में है। प्रकरण के मा0 उच्चतम न्यायालय से आच्छादित होने एवं निरन्तर समीक्षा किये जाने के दृष्टिगत यह आवश्यक है कि शेल्टर होम का निर्माण कार्य पूर्ण होते ही संचालन नगरीय निकायों के माध्यम से तत्काल प्रारम्भ करा दिया जाये।

अतः आपसे अनुरोध है कि प्रकरण की गम्भीरता के दृष्टिगत शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण शेल्टर होम का संचालन तत्काल प्रारम्भ कर संचालन आख्या इस कार्यालय को उपलब्ध करायी जाये तथा शेल्टर होम की प्रोफाइल भारत सरकार के वेब पोर्टल पर MIS SULM से समन्वय कर अपलोड कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय

(देवेन्द्र कुमार पाण्डेय)
मिशन निदेशक

पत्रांक एवं दिनांक तदैव
प्रतिलिपि–

1. नगर आयुक्त अलीगढ़, गाजियाबाद एवं मेरठ को इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्तानुसार शीघ्र संचालन कराने का कष्ट करें।
2. सिटी प्रोजेक्ट आफिसर/परियोजना निदेशक, शहर मिशन प्रबन्धन इकाई, डूडा चन्दौली, बलिया, अलीगढ़, फर्रूखाबाद, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, कासगंज, आजमगढ़, उन्नाव एवं फतेहपुर।
3. अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद–मुगलसराय, बलिया, फर्रूखाबाद, हापुड़, कासगंज, आजमगढ़, उन्नाव एवं फतेहपुर।
4. परियोजना अधिकारी, डूडा चन्दौली, बलिया, अलीगढ़, फर्रूखाबाद, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, कासगंज, आजमगढ़, उन्नाव एवं फतेहपुर।
5. सहायक वेब मास्टर सूडा को सूडा उ0प्र0 की वेबसाइट पर अपलोड हेतु।

(देवेन्द्र कुमार पाण्डेय)
मिशन निदेशक